Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

Title : Situation arising out of non-availability of doctors in the hospital of Konchnagar, Jalaun Garotha, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन में एक कौंच नगर है। वहां एक संयुक्त चिकित्सालय है जो करोड़ों रुपयों की लागत से बनाया गया है। परन्तु विडंबना है कि उक्त चिकित्सालय में मात्र एक डाक्टर है जो प्रतिदिन झांसी से आते-जाते हैं। वहां कई वर्षों से महिला डाक्टर की नियुक्ति नहीं हुई है। दुर्घटनावश किसी की मृत्यु हो जाने पर पोस्टमार्टम भी कौंच में नहीं हो पाता, डैड बॉडी को उरई जिले के अस्पताल ले जाना पड़ता है। एक्सरे मशीन भी ऐसे ही रखी हुई है। एक्सरे के लिए भी लोगों को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है।

दिनांक 17.06.2006 को अल्पसंख्यक भाइयों की एक बोलेरो गाड़ी पलट गई जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। अस्पताल जाते-जाते दो लोगों की मृत्यु हो गई और चार लोगों की स्थिति बहुत गंभीर बनी हुई है। वहां डाक्टर न होने की वजह से आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। दिनांक 17.06.2006 को ही संयुक्त चिकित्सालय से दो सौ मीटर दूर तीन बच्चे नहर में डूब गए। उन्हें जिन्दा बचा लिया गया लेकिन मात्र डाक्टर न होने की वजह से उन बच्चों की बाद में मृत्यु हो गई।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दे कि शीघ्र संयुक्त चिकित्सालय कौंच में डाक्टरों की नियुक्ति करे ताकि डाक्टर न होने की वजह से जिन लोगों की जानें जा रही हैं, उन्हें बचाया जा सके।